भारत और इजराइल सम्बंध के आयाम

जया कुमारी

प्रो० (डॉ०) उमेश कुमार

भारत और इजरायल दोनों ही प्राचीन सभ्यताएँ हैं और दोनों मानवतावाद, दर्शन और मानव प्रगति के प्रति अपने योगदान हेतु जानी जाती हैं। यद्यपि दोनों देशों की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत अलग–अलग हैं तथापि इन दोनों देशों में कई चीजें समान हैं। ये दोनों देश प्राचीन सभ्यता होते हुए भी उपनिवेशवाद के परवर्ती युग की उपज हैं– भारत वर्ष 1947 में जबकि इजरायल वर्ष 1949 में अपना स्वतंत्र अस्तित्व प्राप्त कर सके। यह सब कुछ झंझावातों के बीच मिला। दोनों को शत्रुभाव रखने वाले पड़ोसी देशों के बीच जीना और संवरना पड़ा। अपनी अनेक समस्याओं के बावजूद भी वे जनतांत्रिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहे।